तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 27 मई 2025

13 वट सावित्री व्रत, सुहागिनों ने मांगा अखंड सौभाग्य



14 लोगों की समस्या सुनने व निराकरण करने का माध्यम है समाधान शिविर - राजस्व मंत्री





## खबर संक्षेप

### नौतपा के दूसरे दिन फिर हुई झमाझम बारिश



**मैनपुर।** क्षेत्र में नौतपा के दूसरे दिन सोमवार को फिर झमाझम बारिश हुई। देर शाम तक हल्की बारिश हो रही है। बारिश के चलते बिजली व्यवस्था भी बाधित होती रही है।

### चार किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** सिंघोड़ा पुलिस ने शनिवार को बाइक सवार दो लोगों को 4 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट 20(ख) के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार सिंघोड़ा पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान शनिवार रात मुखबिर की सूचना पर बाइक क्रमांक सीजी 07 ए डब्लू 7919 की एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में नाकेबंदी की। बाइक सवारों ने नाम-पता वार्ड 40 केला बाड़ी इरानी डेरा पद्धनामभपुर जिला दुर्ग निवासी रामजी कोशले (24) व वार्ड नंबर 40 सिविल लाईन सांई मंदिर के पास पद्धनामभपुर थाना पद्धनामभपुर जिला दुर्ग निवासी शेष नारायण यादव (30) बताया।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** युवक से मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ तुमगांव पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि तुमगांव के एक ट्रेडर्स दुकान में शिव कुमार सोनवानी के साथ आरोपी रूपेश और वीरू गहरवाल ने मारपीट कर दी। मारपीट से युवक के सिर में चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गयाहै।

# मां-बाप खो चुके 5 बच्चों की कलेक्टर ने ली सुध, अब मिली छांव और स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मुड़ागांव

छुरा विकासखंड के मुड़ागांव में कमार जनजाति के 5 मासूम बच्चे अपने माता-पिता की मौत के बाद महीनों से बेसहारा जिंदगी जी रहे थे।

झोपड़ी में भूखे-प्यासे रहकर कभी रिश्तेदारों की दया पर तो कभी गांव वालों की रहम पर गुजारा कर रहे थे। लेकिन इस दर्दनाक हालात को न तो पंचायत ने गंभीरता से लिया, न ही विभागीय अमले ने कोई सुध ली। ये वो लापरवाही है, जो किसी भी जिम्मेदार तंत्र की संवेदनहीनता को उजागर करती है।

## महीनों तक उपेक्षा में जीते रहे मासूम, पंचायत और प्रशासन ने नहीं ली सुध



### बड़ा सवाल - कौन जिम्मेदार

यह पहल यकीनन राहत देने वाली है, लेकिन सवाल यही है कि—जब ये बच्चे इतने दिनों से उपेक्षा के शिकार थे, तब कौन जिम्मेदार था? क्यों पंचायत, बाल संरक्षण तंत्र या स्थानीय प्रशासन ने पहले इनकी सुध नहीं ली? क्या हमारी व्यवस्था केवल 'जानकारी मिलने' के बाद ही जागती है? बच्चों की दुर्दशा यह स्पष्ट कर रही है कि समाज के सबसे कमजोर वर्गों तक सरकार की योजनाएं तभी पहुँचती हैं जब कोई मामला उजागर हो जाए। इससे यह भी तय होता है कि जमीनी निगरानी और संवेदनशीलता अब भी हमारी प्रणाली की बड़ी कमी है। प्रशासन को न केवल राहत देने तक सीमित रहना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आगे कोई भी बच्चा—खासतौर पर विशेष पिछड़ी जनजातियों से आने वाला—ऐसी उपेक्षा का शिकार न हो।

यह चौंकाने वाली सच्चाई तब सामने आई जब इन बच्चों की हालत की जानकारी उच्चाधिकारियों को मिली। जानकारी मिलते ही गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके ने तत्काल संज्ञान लिया और बच्चों के जीवन को पटरी पर लाने की पहल की। अब इन 5 बच्चों का प्रवेश कमार आवासीय विद्यालय गरियाबंद में कराया गया है, जहां उन्हें निःशुल्क आवास, भोजन और नियमित शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 4 हजार रुपये प्रति बच्चा प्रतिमाह की सहायता भी सुनिश्चित की गई है।

## बाघ की दो तस्वीरें आई सामने पहली 24 तो दूसरी 25 मई को हुई कैमरे में कैद

# उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में ढाई साल बाद दिखा बाघ, वन विभाग हुआ मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में लगभग ढाई वर्षो बाद बाघ की मौजूदगी ने वन विभाग को उत्साहित कर दिया है ढाई साल बाद बाघ की पहली तस्वीर शनिवार की रात को कैमरे में कैद हुई और दूसरी तस्वीर कल रविवार शाम को बाघ के द्वारा बैल का शिकार करते हुए भी कैमरे में रिकार्ड किया गया तो वहीं दूसरी ओर वन विभाग अब बाघ के सुरक्षा को लेकर पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहे है।

- दूसरी तस्वीर में बैल का शिकार करते दिख रहा है बाघ


उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में वन्य प्राणियों के अनुकूल वातावरण तैयार हो रहा,इसलिए ढाई साल बाद टाइगर की वापसी हो गई ज्ञात हो कि 1852 स्क्वेयर किलो मीटर में फैले टाईगर रिजर्व में पिछले डेढ़ साल से अभ्यारण वन प्रशासन ने वन्य प्राणियों के अनुकूल माहौल बनाने में सफल हुआ है।

**कैमरे में कैद हुई बाघ की एक्टिविटी :** बाघ की पहली तस्वीर 24 मई शनिवार की रात को एवं दूसरी तस्वीर और विडियों 25मई रविवार शाम को बैल का शिकार करते रिकार्ड किया है। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया बाघ की पहली तस्वीर 24 मई 2025 शनिवार को कैमरे में कैद हुआ और दूसरी तस्वीर तथा विडियों बैल का शिकार करते 25 मई दिन रविवार को कैद हुआ है। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में 200 से ज्यादा कैमरे लगाए गए है।


**ढाई साल बाद उदंती में नजर आया बाघ :** ज्ञात हो कि बिते ढाई साल से टाईगर रिजर्व में बाघ के कोई सुराग नही मिले थे लेकिन अनुकूलित वातावरण मिलने से अब बाघ समेत कई वन्य जीव भी यहां आने लगे है इससे पहले यहां 2019–20 में मध्यप्रदेश से और अक्टूबर 2022 में तेलांगाना से महाराष्ट्र होते हुए पहुंचा था अब ढाई साल बाद 2025 मे बाघ की उपस्थिति फिर लौट आई है।

### बफर जोन में मानव वन्यप्राणि द्वंद में आई कमी

कूल 1852 स्क्वेयर किलो मीटर एरिया में फैले में उदंती सीतानदी टाईगर रिवर्ज के कोर जोन में 51 और बफर जोन में59 गांव बसे हैं। तौरेंगा और अरसीकन्हार रेंज वन्य प्राणियों के लिए सुरक्षित माना जाता है दो साल पहले की रिकॉर्ड की बात करें तो हर साल 8 से 10 वन्य प्राणियों का शिकार हो जाता था जबकि इतने ही रिहायशी इलाके में वन्य प्राणियों के हमले से ग्रामीण घायल या मारे जाते थे जंगल से कब्जे हटाए जाने के बाद मानव प्राणी द्वंद में कमी आ गई है अब पानी के बेहतर व्यवस्था के चलते वन्य प्राणियों का कुनबा बढ़ते जा रहा है।







### वनजीवों की प्यास बुझाने मोटर पम्प से किए जा रहे इंतजाम

गमएँ के मौसम में कई जल स्रोत सूख चुके हैं इसका असर सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व पर भी पड़ रहा है उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में सोलर पंपों के जरिए पोखर और तालाब को पानी भरा जा रहा है अब तक वन विभाग ने 8 पंप लगाए हैं इसके अलावा 15 पम्प और लगाने की तैयारी है।

### मध्यप्रदेश से भी आएंगे दो टाईगर

सूत्रे से मिली जानकारी के अनुसार उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के जंगल में मध्यप्रदेश से दो टाईगर लाने की तैयारी चल रही है जिसमें एक बाघ और बाघीन लाकर यहां रखा जायेगा। जिससे धीरे–धीरे इनकी संख्या बढ़ा सकती है हालाकि उदंती में अब टाईगर होने की पुष्टी हो चूकी है इसके बाद विभाग द्वारा इस संबंध में क्या रणनीति तैयार किया जा रहा है इसका अभी खुलासा नही हो पाया है।

## पत्रकारों पर हमले के खिलाफ गरियाबंद पत्रकार संघ का फूटा आक्रोश

**राजिम।** राजधानी रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में पत्रकारो के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के गरियाबंद जिला ईकाई द्वारा कड़ा विरोध करते हुए घटना की निंदा की गई। कहा गया है कि ऐसे गुंडो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी गुंडे,मवाली,बदमाश ऐसी हरकत करने की हिम्मत न कर पाए।

बता दें कि राजधानी रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में रिपोर्टिंग के लिए पहुंचे मीडिया के साथ सुरक्षा के ठेकेदार मवालियों ने जिस तरह की मारपीट और हिंसा की है, उससे कई सवाल खड़े होते हैं। सवाल तो यह कि जो कैमरे और माइक लिए हुए रिपोर्टरों के साथ ऐसा बर्ताव करते हैं वे लोग गांव-गांव से आने वाले गरीब मरीजों के घरवालों के साथ कितना बुरा बर्ताव नहीं करते होंगे? अपने हुलिए से ही ये बाउंसर साबित होते हैं कि ये शराबखानों और नाइट क्लबों में धुत्त लोगों की गुंडागर्दी को रोकने के लिए बने हैं, लेकिन गरीबों के अस्पताल में इनकी तैनाती सरकार की एक बड़ी चूक बताती है। अभी हफ्ता भर भी नहीं हुआ है, जब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने इसी अस्पताल को लेकर राज्य सरकार से कई तरह के जवाब मांगे हैं।

- अंबेडकर अस्पताल में बाउंसरों की गुंडागर्दी पर उठे सवाल
- घटना में शामिल गुंडो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग

### ये रहे उपस्थित

पत्रकारो के साथ हुई घटना की निंदा करने वालो में गरियाबंद जिला अध्यक्ष श्यामकिशोर शर्मा,महासचिव रमेश चौधरी, संरक्षक फारूख मेमन,अरेंद्र पहाड़िया,गोरेलाल सिन्हा,यशवंत यादव, मनमोहन नेताम,अल्तमश खान, जितेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, कामेश्वर गोस्वामी, नीरज शर्मा, सहित संघ के सभी पदाधिकारी,सदस्य शामिल है।

## चित्रंश ध्रुव ने राहुल गांधी से की मुलाकात बिन्द्रानवागढ़ दौरे का दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस छात्र संगठन के प्रदेश सचिव चित्रंश ध्रुव आज नई दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहूल गांधी से मूलाकात किया और उन्हे बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र आने का निमंत्रण दिया साथ ही राहूल गांधी को आमंत्रण सौप कर बताया कि सन् 1985 में देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी एवं सोनिया गांधी बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मैनपुर विकास क्षेत्र अन्तर्गत कमार बाहूल्य ग्राम कुल्हाड़ीघाट पहुंचे थे और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कुल्हाड़ीघाट को गोद लिया था आज भी आदिवासी कमार जन जाति के लोग राहूल गांधी का इंतिजार कर रहे है। जिस पर राहूल गांधी ने जल्द ही छत्तीसगढ़ आने की बात कही है।

- आदिवासी सशक्तिकरण और हसदेव जंगलों की अवैध कटाई पर की चर्चा

नई दिल्ली में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से एनएसयूआई प्रदेश सचिव चित्रंश ध्रुव ने सौजन्य मुलाकात कर प्रदेश में आदिवासी उत्थान, सशक्तिकरण और हितों के संबंध में विस्तृत चर्चा की साथ ही हसदेव ने जंगल उजाड़ कर खनिज संपदा अंधाधुन दोहन एवं प्रदेश में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों की सारगर्भित जानकारी दी और उन्हें छत्तीसगढ़ आने का आमंत्रण दिया इस अवसर में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी मौजूद रहें ,गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ से 14 छात्र नेताओं को दिल्ली बुलाया गया था जिसमें एनएसयूआई के प्रदेश सचिव चित्रंश ध्रुव शामिल रहें।





## नपा अध्यक्ष, पार्षदगण एवं सफाई अमला उतरा त्रिवेणी संगम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

जीवनदायिनी महानदी त्रिवेणी संगम की साफ-सफाई के लिए सोमवार को सुबह नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव,सीएमओ मनीष गायकवाड़ ,पार्षदो तथा सफाई कर्मियों के अमला के साथ पहुंचे। यहां संगम पर साफ-सफाई की। इस दौरान पार्षद तुषार कदम, सभापति भारत यादव, पार्षद बलराम यादव, सुरेश पटेल, यशवंत निराला, दीपक कहार मौजूद थे। जानकारी देते हुए पार्षद तुषार कदम ने बताया कि उन्होने स्थित त्रिवेणी संगम में पसरी गंदगी की समस्या से नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव को अवगत कराया था। सोमवार को अध्यक्ष महेश यादव के नेतृत्व में साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अध्यक्ष श्री यादव ने अपील की है कि नदी में कपड़ों एवं अन्य अपशिष्टों का विसर्जन न करे। नदियां राष्ट्र की धरोहर है आने वाली पीढ़ी के जीवन के लिये महत्वपूर्ण है इनका संरक्षण संवर्धन हमारी जिम्मेदारी है।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जन्मशताब्दी



**नवापारा-राजिम।** नवापारा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अहिल्या बाई होल्कर की 300वां जन्मशताब्दी मनाया और शीतला माता मंदिर की साफ-सफाई की। यह जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ने बताया कि पूरा देश में म हा रा नी अहिल्या बाई होल्कर के जन्मदिवस के अवसर पर उनकी विराट जीवनगाथा पर परिचर्चाएं हो रही है।

- मां शीतला माता मंदिर की करी साफ-सफाई

इसी तारतम्य में प्रदेश भाजपा के निर्देश पर नवापारा मंडल द्वारा गोष्ठी, महिलाओं का सम्मान, मुख्य पूजा स्थल मन्दिरों की सफाई कार्यक्रम किया गया। नगर के सामुदायिक भवन में गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित कर उनकी जीवनगाथा पर चर्चा की गई। महारानी एक महान मराठा शासिका थी। उन्होंने 1761 से 1795 तक मालवा राज्य की बागडोर संभाली। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता ,न्यायप्रियता और परोपकारिता से लोगो के दिलो में एक विशेष स्थान बनाया। उन्हें लोकमाता के रूप में जाना जाता हैं। वे समाज सुधार के लिए कार्य की। इसी कड़ी में भाजपा नवापारा मंडल द्वारा नगर के शीतला माता मंदिर की साफ-सफाई कर घाट को पानी से धोया एवं स्वच्छता का संदेश दिए।



### ये रहे उपस्थित

जन्मशताब्दी मनाने एवं मंदिर की साफ-सफाई में विशेष रूप से मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, पालिकाध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, जिला मंत्री परदेशी राम साहू, सभापति एवं पार्षद रवि साहू, लोमेश्वरी साहू,सहदेव कंसारी, केकती सोनवानी, भारत सोनकर, पूजा कंसारी, जीना-सुजीत निषाद, नम्मू ध्रुव, निर्मला-धीरज साहू, सचिन सचदेव, जगेश्वर यादव, सिंटू सौरभ जैन, मुकुंद मेश्राम, राजू रजक, कैलाश तिवारी, संजीव टिंकू सोनी, गोपाल साहू ,धनमती साहू, योगिता सिन्हा, संतोषी कंसारी, किरण सोनी, साधना सौरज, हर्षा कंसारी, गीता राजपूत, दुकलहिन साहू,अनिता देवांगन,पदमनी सोनी,अनुज ठाकुर, उमा कंसारी शामिल रही।

## सुबह से ही वट वृक्षों और मंदिरों में उमड़ी सुहागिनों की भीड़

# वट सावित्री की पूजा की सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए किया व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/कोपरा।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और परंपरा के साथ मनाया गया। तड़के से ही सुहागिनें पारंपरिक लाल-पीली साड़ियों और सोलह श्रृंगार में सजकर मंदिरों व वट वृक्षों के नीचे पूजा-अर्चना में जुटीं। महिलाओं ने वट वृक्ष की 12 परिक्रमा कर कच्चा सूत बांधा और पति की लंबी उम्र, पारिवारिक सुख-शांति एवं संतान की कामना की।

- गरियाबंद में आस्था, परंपरा और महिला शक्ति का दिखा अद्भुत संगम

शहर के काली मंदिर, शिव मंदिर (फॉरेस्ट कॉलोनी), गांधी मैदान शिक्षक नगर सहित प्रमुख स्थलों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। व्रती महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर शाम को पूजा उपरांत ही अन्न ग्रहण किया।





### नवविवाहिताओं में रहा विशेष उत्साह

इस बार नवविवाहिताओं में व्रत को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। नई दुल्हनों ने पारंपरिक वेशभूषा में पूरे विधि-विधान से पूजा कर परंपरा से गहरा जुड़ाव दिखाया।

### बुजुर्गों ने साझा की मान्यता

वरिष्ठ महिला श्याम कली तिवारी ने बताया कि वट सावित्री व्रत की उत्पत्ति देवी सावित्री और सत्यवान की कथा से जुड़ी है। सावित्री ने बरगद के नीचे कठोर तपस्या कर अपने पति को यमराज से पुनः प्राप्त किया था। उसी परंपरा का निर्वाह आज भी सुहागिनें करती हैं।

### महिलाओं ने व्यक्त की श्रद्धा

व्रती महिला भारती सिन्हा ने कहा कि यह केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि पति के लिए प्रेम, समर्पण और शक्ति का प्रतीक है। वहीं वर्षा तिवारी ने कहा कि यह पर्व नारी शक्ति और आस्था का प्रतीक है, जिससे जुड़कर गर्व होता है। इधर राधिका सिन्हा ने मायके में व्रत करने का अनुभव साझा करते हुए कहा कि भाभी और बहनों के साथ पूजा करना विशेष आनंददायक रहा।

### इनकी रही उपस्थिति

व्रत आयोजन में लालिमा ठाकुर, सविता देवांगन, डॉली ठाकुर, किरण सिन्हा, संध्या सोनी, रेणुका सिन्हा, मोनिका सिन्हा, सुमन लता केला, मंजू निर्मलकर, सीमा मिरी, मिलेश्वरी साहू, रूपाली सोनी, सैल सेन, साधना सेन समेत बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

### आस्था से सजी परंपरा

वट सावित्री व्रत केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, पारिवारिक मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक भी है। गरियाबंद में हुए आयोजन ने यह साबित किया कि परंपराएं आज भी जनमानस के दिलों में जीवित हैं।

## खबर संक्षेप



### सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में वट सावित्री का व्रत रखकर सुहागिन महिलाओं ने बरगद वृक्ष की पूजा अर्चना की। और अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। राधिका वैष्णो ने कहा कि वट सावित्री का व्रत बड़ी संख्या में विवाहित महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए बरगद वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना की। इस दौरान कलिंद्री, द्रोपति, कौशल, दिनेश्वरी, गिरजा, लता, लतिका, माया, सरस्वती, शशि, उमा, हेमलता, सरोजिनी आदि मौजूद रहीं।

### हज यात्रा के लिए हुए रवाना



**महासमुंद।** हज यात्रा के लिए नगर के मो. कलाम खान व उनकी अहिल्या शुक्रवार को हज हाउस नागपुर के लिए रवाना हुए। जहां से जेद्दाह के लिए रविवार को रवाना हुए। हज यात्रियों को रेलवे स्टेशन तक छोड़ने पहुंचे परिजन, रिश्तेदार, दोस्त व सामाजिकजन जुटे। हज यात्रियों को फूलमाला पहनाकर रवाना किया गया। ये जानकारी मो. सरफराज राजवानी ने दी है।



### गोस्वामी समाज का वार्षिक सदस्यता अभियान जारी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा वार्षिक सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी के साथ रामेंद्र प्रकाश गिरि, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, संतोष गिरि, अर्जुन गिरि, राजेंद्र बन, राम पुरी, राजू गिरि, ओंकार गिरि आदि पदाधिकारियों द्वारा ग्राम अरंड, सिरगिड़ी, कोसरंगी, खुटेरी, आमाकोनी तथा पोटिया में निवास करने वाले गोस्वामी समाज के लोगों के घर जाकर संपर्क किया गया। उन्होंने ने बताया जून महीने के पहले सप्ताह तक पूरे जिले में निवासरत गोस्वामियों के घर जाकर वार्षिक सदस्यता अभियान पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### शनिदेव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा आज

**नर्रा।** शनि जयंती पर आज मंगलवार को ग्राम खट्टी के कलार समाज द्वारा नवनिर्मित शनिदेव मंदिर में न्याय के देवता शनिदेव की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। जिसमें कलश यात्रा बेदी पूजा के साथ सपन्न होगा। पूजा के पश्चात प्रसादी वितरण व भंडारा का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर संध्या रामायण कार्यक्रम पारसमणी पटेल मानस मंडली पुरानी बस्ती रायपुर, अर्चना आदर्श महिला मानस परिवार बडे करेली धमतरी, पंडवानी गायिका पूनम सिन्हा मंडेली छुरा का कार्यक्रम रखा गया है।

# कंसारी समाज के युवा संगठन ने लगाया रक्तदान शिविर, 33 यूनिट रक्त संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर कंसारी समाज के युवा संगठन द्वारा श्री सत्यनारायण मंदिर में मूर्ति स्थापना की 76वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महानदी ब्लड बैंक कुर्रा के सहयोग से आयोजित इस शिविर में समाज के युवाओं, कंसारी समाज युवा संगठन और महिला संगठन के नेतृत्व में कुल 33 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। यह आयोजन सामाजिक एकता और मानव सेवा के प्रति समाज की प्रतिबद्धता का एक जीवंत उदाहरण रहा।

रक्तदान को जीवनदान के रूप में जाना जाता है, क्योंकि यह असंख्य लोगों की जिंदगी बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आपातकालीन स्थिति, सर्जरी, प्रसव, दुर्घटना, या रक्तस्राव जैसी गंभीर बीमारियों में रक्त की आवश्यकता होती है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, और इसे केवल मानव द्वारा दान किए गए रक्त से ही प्राप्त किया जा सकता है। एक यूनिट रक्त कई लोगों की जान बचा सकता है, जिससे रक्तदान एक महान और पुण्य कार्य बन जाता है। यह न केवल रक्त प्राप्तकर्ता के लिए वरदान है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है, क्योंकि यह शरीर में नए रक्त कोशिकाओं के निर्माण को प्रोत्साहित करता है।

इस रक्तदान शिविर में कंसारी समाज के युवाओं और महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया, जहां महानदी ब्लड बैंक की टीम ने तकनीकी सहायता प्रदान की। रक्तदाताओं में समाज के विभिन्न आयु वर्ग के लोग शामिल थे, जिन्होंने उत्साह और सेवा भाव के साथ रक्तदान किया। कुल 33 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो क्षेत्र के अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों के लिए उपलब्ध होगा।

**श्री सत्यनारायण मंदिर में महाप्रभु जी की मूर्ति स्थापना की 76वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम**





**रक्तवीरों का किया गया सम्मान :** आयोजन के दौरान रक्तवीरों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महानदी ब्लड बैंक की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जबकि कंसारी समाज ने उन्हें उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला और युवाओं को नियमित रूप से इस पुण्य कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### सामूहिक प्रयासों से मानवता की सेवा

कंसारी समाज के इस प्रयास ने न केवल रक्त की कमी को पूरा करने में योगदान दिया, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया। यह आयोजन अन्य समुदायों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना, जो दर्शाता है कि सामूहिक प्रयासों से मानवता की सेवा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। नगर कंसारी समाज ने भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया है। यह रक्तदान शिविर न केवल मंदिर की वर्षगांठ को यादगार बनाया, बल्कि समाज में एकता, सेवा और करुणा के मूल्यों को भी बढ़ावा दिया।

## देश के नवनिर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका: चंदूलाल साहू

# राजिम में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर शुभारंभ युवाओं को दी जा रही जीवन निर्माण की दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गायत्री शक्तिपीठ राजिम में ब्लाक स्तरीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन 26 मई से 31 मई तक किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व सांसद राज्य गृह भंडार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने किया। इस अवसर पर टीकम साहू जिला समन्वयक, रोमा साहू, योगेश साहू ,राजेश देवांगन मौजूद थे।

- शक्तिपीठ में निशुल्क शिविर, युवाओं को दिया जा रहा मूल्यपरक जीवन का प्रशिक्षण

सबसे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्य गृह भंडार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू जो कि राजिम गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी ने कहा कि शिविर में पधारे सभी युवा भाई बहन सौभाग्यशाली हैं। पुस्तकीय ज्ञान के अलावा देश दुनिया की खबर आप सबको होनी चाहिए। क्या अच्छा है बुरा है इसका भी ज्ञान हम सबको होनी चाहिए ।इस शिविर से आप लोगों को जीवन जीने की दिशा धारा प्राप्त होगी। मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण पूज्य गुरुदेव का परिकल्पना है। जिन्हें आप सब लोग अपने चरित्र का निर्माण करके पूरा करेंगे। जो भी बातें यहां से सिखाई जाएंगी उसे अपने जीवन में अमल करें। देश के नवनिर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। अपना सुधार ही संसार की सबसे बड़ी सेवा है। जिला समन्वयक टीकम राम साहू ने कहा कई जगह लोग पैसा खर्च करके जाते हैं लेकिन गायत्री परिवार के द्वारा आयोजित यह व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर निशुल्क है।




एचएल साहू ने कहा कि जो हम अच्छे कार्य करते हैं उसे भगवान का कार्य समझकर करना चाहिए श्रेष्ठ समाज के निर्माण में आप सब की विशेष भागीदारी होनी चाहिए। आज के युवा नशे के गिरफ्त में चले जा रहे हैं उसे अपने आप को दूर रखना होगा । प्रशिक्षक के रूप में पधारे रोमा साहू ने कहा कि इस उम्र में बहुत सारे परिवर्तन होते हैं युवाओं में जोश होता है यदि सही दिशा में लगाया जाए तो युवा शक्ति अपने अंदर के शक्ति को समाज निर्माण में लगा सकते है। युवक का उल्टा वायु होता है सभी युवा की वेग में सही दिशा में निरंतर चलते रहें। स्वस्थ युवा सबल राष्ट्र, स्वालंबी युवा सशक्त राष्ट्र शालिन युवा श्रेष्ठ राष्ट्र सेवाभावी युवा ईश्वर साहू ने कहा कि युवा जो भटक रहे हैं उसे सही दिशा देने में गायत्री परिवार को बहुत-बहुत साधुवाद देता हूं।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम को सफल बनाने में चेतन सिन्हा, संतोष साहू, पूरन लाल साहू, माधव यादव, टीकाराम साहू, श्रवण साहू, संतराम ध्रुव, पुरुषोत्तम दीवान, होरीलाल साहू, रविन्द्र इंद्रदेव दीवान, सावित्री दीवान, गरिमा साहू, हेमलता साहू, पुरुषोत्तम दीवान, रोमन चंद्राकर, बलराम साहू, रामाधार साहू, बसंत साहू, टीका राम साहू, साधु राम निषाद, हुलसी साहू, डोमन ध्रुव, हिमोतीन दीवान, लुकेश्वरी दीवान, ओमिन साहू, देवी ध्रुव, मन्नू राजेश्वरी साहू, तुषार यदु, रिखी साहू, कौशल साहू का विशेष योगदान रहा। संचालन कमलेश साहू ने किया। शिविर में लगभग 105 भाई बहनों ने भाग लिया।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा

**मैनपुर** – भाजपा मंडल मैनपुर द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन का वंदन अभिनंदन करते हुए तिरंगा यात्र निकाली गई यहां तिरंगा यात्र लोक निर्माण विभाग विश्राम भवन से प्रारंभ होकर दुर्गा मंच मैनपुर पहुंची इस तिरंगा यात्र में भारत माता की जय, वंदे मातरम, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से मैनपुर गूंज उठा।

इस यात्रा में सभी संगठनों के लोगों सहित बिहान समूह के माताएं बहने एवंम व्यापारी वर्ग के लोग भी बढ़कर हिस्सा लिया।

## महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**महासमुंद।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय/ अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक (प्रथम सेमेस्टर) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पार्टल 24 मई से प्रारंभ हो गया है। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के एनईपी प्रभारी डॉ. ईपी चेलक ने बताया कि 12वीं उत्तीर्ण छात्र छात्राएं महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित कक्षाएं बीए, बीकॉम, बीएससी बायो एवं गणित, बीसीए प्रथम सेमेस्टर एवं डिप्लोमा कोर्स के अंतर्गत डीसीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेना चाहते है वे विश्विद्यालय के ऑनलाइन आवेदन पोर्टल से अपना फॉर्म भर सकते हैं।

## दुर्गापाली स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 10वीं व 12वीं परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली का परिणाम उत्कृष्ट रहा। परीक्षा प्रभारी शिवप्रसाद पटेल ने बताया कि कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत, 12वीं कला 95 प्रतिशत, 12वीं विज्ञान 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में खीरसागर ने 86.1 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर लोमश उरांव 80.1 प्रतिशत व तृतीय स्थान अमिका साव 79 प्रतिशत प्राप्त किया। कक्षा 12 वीं कला समूह में दामिनी पटेल ने 66.2 प्रतिशत व विज्ञान समूह में गायत्री यादव ने 70.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 वीं में 56 विद्यार्थियों में से 10 प्रथम, कक्षा 12 वीं में 47 विद्यार्थियों में से 19 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य निमंकर पटेल ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष जताया। विद्यार्थियों की सफलता पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, बीआरसीसी पूर्णानंद मिश्रा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चित्तरंजन पटेल, सरपंच मौना राजकुमार पटेल, विद्यालय के शिक्षक पुनितलाल चौधरी, सीता सिंह, जयदेव साहू, राजेश पंडा, एकता शर्मा, भूपेंद्र खूंटे, अंगदकुमार व स्टॉफ आशीष दीवान, रजनी राठिया, सत्यप्रकाश मुकर्जी, केदार पटेल ने हर्ष जताया।

## सरकारी डॉक्टरों की मनमानी पर लगाम कसने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने जिला अस्पताल के सरकारी डॉक्टरों के मनमानी पर लगाम कसने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल को ज्ञापन सौपा। तुषार ने कहा कि सरकारी अस्पताल में 2 दोपहर के बाद से डिलीवरी, गंभीर बीमारों और दुर्घटनाग्रस्त लोगों के इलाज में परेशानी हो रही है। अस्पताल में 2 दोपहर के बाद डॉक्टर नहीं मिलते। अस्पताल का डॉक्टर ड्यूटी चार्ट दिन और रात में अपडेट नहीं होता। जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टर अपनी ड्यूटी पीरिएड में भी अस्पताल से नदारद रहते हुए निजी अस्पतालों में ओपीडी प्रैक्टिस कर रहे हैं।



तुषार आगे कहा कि जिले में ऐसे कई शासकीय डॉक्टर हैं, जिनका खुद का अस्पताल है या फिर कुछ अस्पतालों में पार्टनरशिप में काम चल रहा है। बकायदा इन डॉक्टरों निजी अस्पतालों में उन डॉक्टरों नाम और ओपीडी टाइमिंग का बोर्ड चस्पा है। ऐसे डॉक्टरों पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन और जिला चिकित्सा अधिकारी को कड़ाई बरतने की जरूरत है। शासकीय अस्पताल के डॉक्टरों की सेवा लेने वाले निजी अस्पतालों पर भी कार्रवाई की मांग की है।

## गर्मी में ठंड का अहसास, पर्यावरण असंतुलन का असर: बलराम देवांगन

**नवापारा-राजिम।** शिक्षाविद बलराम देवांगन ने कहा कि इस साल मई का महीना बिना गर्मी के ही बीत गया। जैसा कि नाम से ही वाकिफ है कि मई को हिंदू ज्येष्ठ माह कहा जाता है। ज्येष्ठ या जेठ के माह में तेज एवं असहनीय गर्मी पड़ती है। किंतु इस वर्ष मई के प्रारंभ से ही मौसम में अचानक करवट ली। मई की शुरूआत में तेज आंधी तूफान, बारिश ने उमस बढ़ा दी। विगत पखवाड़े भर से रोज हो रही बारिश से जुलाई माह का अहसास होने लगा है। मौसम वैज्ञानिकों ने इसे दक्षिणी विक्षोभ का असर बताया है।

- रोज़ाना बारिश और आंधी-तूफान ने बदला ऋतु चक्र
- मौसम वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों ने इसे चेतावनी के रूप में देखा

किंतु जानकारों का मानना है कि विगत कुछ वर्षों में ऋतुओं में परिवर्तन पर्यावरण के लिहाज से अच्छे संकेत नहीं है। आम जनजीवन के साथ, फसलों एवं सेहद पर विपरीत असर पड़ा है। मई के महीने में जब रबी फसलों की कटाई का समय है। तब किसान खरीफ की बुवाई में व्यस्त हो गए है। फसल चक्र को मौसम का साथ नहीं मिल रहा है। अक्टूबर नवंबर में पड़ने वाली ठंडी अब दिसंबर से आरम्भ होकर जनवरी में समाप्त हो जाती है। माह मई में बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया जा रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन एवं बादल फटने की घटनाएं आम हों गई है। साल के 8 माह गर्मी पड़ रही है। इसका सीधा मतलब है कि पर्यावरण में असंतुलन पैदा हो गया है।

### पर्यावरण असंतुलन, जलवायु परिवर्तन या ग्लोबल वार्मिंग



वैज्ञानिकों एवं जानकारों ने कई वर्ष पूर्व से ही ग्लोबल वार्मिंग के संकेत दे दिए थे। जिसे अलग अलग प्लेटफॉर्म में अलग अलग नाम जैसे पर्यावरण असंतुलन या जलवायु परिवर्तन का नाम दिया है। इसका कारण प्राकृतिक संसाधनों की दुर्गति है। जंगल के जंगल काटे जा रहे है। नदियों के अस्तित्व पर संकट है। पहाड़ों को तोड़कर मार्ग बनाएं जा रहे है। हवा एवं पानी प्रदूषित है। सभी प्राकृतिक संसाधनों का भरपूर दोहन हो रहा है।

निर्माण एवं भौतिकवादिता को विकसित होने का मापदंड माना जा रहा है। पर्यावरणविदों का मानना है कि पर्यावरण के विनाश कर विश्व विकास कर रहा है। आगामी 50 वर्षों की बिजली आपूर्ति के लिए लाखों वर्षो के हसदेव के जंगलों को खोदकर कोयला निकाला जा रहा है। स्थानीय आंदोलन को दबाया जा रहा है। उच्च शिक्षित समाज घरों के एसी ड्राइंग रूम में बैठकर सोशल मीडिया में जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता जाहिर कर रहे है।

## आवासीय खेल अकादमी रायपुर के लिए जिले के पांच खिलाड़ियों का चयन

**महासमुंद।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी रायपुर के लिए चयन ट्रायल आयोजित किया गया था। जिसमें तीरंदाजी एवं हॉकी खेल में जिले के खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में शामिल होकर बैटरी टेस्ट व स्किल टेस्ट दिया था। जिसमें तीरंदाजी खेल में बिहाझर बागबाहरा से कुशो राम साहू पिता माना राम साहू, तुमगांव से राहुल धीवर पिता नारद कुमार, भोरिंग से देविका साहू पिता टीकम साहू, दिलेश्वरी साहू पिता चंद्रहास साहू, हॉकी खेल में बेमचा से डोलेश निषाद पिता जवाहर लाल का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों को शासन द्वारा निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल सामग्री, प्रशिक्षण, भोजन, आवास, खेल किट उपलब्ध कराया जाएगा।



खेल अकादमी रायपुर के लिए जिले के खिलाड़ियों का चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, प्राचार्य एकलव्य महेंद्र टंडन, व्यायाम शिक्षक डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, डॉ. सुनील कुमार भोई, छात्रावास अधीक्षक बॉल आश्रम बिहाझर, डॉ. पुर्नेंद्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, एवन कुमार साहू सचिव एवं तीरंदाजी प्रशिक्षक, सोमनाथ साहू, पिरित राम साहू, संजय पैकरा, जया साहू, नवलीन कौर, नीलम साहू इत्यादि ने हर्ष जताया है।

**संविधान की रक्षा को लेकर उमड़ा जनसैलाब, विधायक का उद्बोधन बना प्रेरणा स्रोत**

# संविधान बचाओ यात्रा ने बागबाहरा में भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

देशभर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संविधान बचाओ यात्रा अभियान के अंतर्गत रविवार को बागबाहरा में ऐतिहासिक आयोजन हुआ। यह यात्रा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट के निर्देशानुसार तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। खल्लारी विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में यह यात्रा जन-जागरुकता की एक जीवंत मिसाल बन गई।

यात्रा का शुभारंभ प्रातः 10 बजे बागबाहरा रेलवे स्टेशन चौक से हुआ, जहां स्थानीय नागरिकों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों की भारी उपस्थिति ने इस अभियान को ऐतिहासिक बना दिया। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए झलप चौक तक पहुंची। मार्ग में नागरिकों ने पुष्पवर्षा, नारों और तालियों के साथ स्वागत किया।



### खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव का तीखा प्रहार

झलप चौक पर आयोजित सभा में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्र की डबल इंजन सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज संविधान पर सुनियोजित हमला हो रहा है। भाजपा सरकार द्वारा आरक्षण, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के अधिकारों को छीनने का प्रयास हो रहा है। यह संविधान बचाओ यात्रा मात्र एक रैली नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को बचाने का जनसंग्राम है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान ही भारत को एकजुट रखता है और उसी को मिटाने की साजिश भाजपा कर रही है।

### जनसमर्थन ने बढ़ाया हौसला, बनी सामाजिक चेतना की मिसाल

संविधान बचाओ यात्रा ने न केवल एक राजनीतिक अभियान का स्वरूप लिया, बल्कि यह सामाजिक चेतना और संविधान के प्रति आमजन के विश्वास का प्रतीक बनकर उभरी। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और छात्रों की उल्लेखनीय भागीदारी ने यह स्पष्ट किया कि जनता अब संविधान के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ को सहन नहीं करेगी।

### कांग्रेस ने दी चेतावनी कहा- संविधान से छेड़छाड़ नहीं सहेंगे

कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने संविधान की रक्षा का संकल्प लेते हुए चेतावनी दी कि यदि केंद्र की भाजपा सरकार संविधान के प्रावधानों को कमजोर करने की कोशिश करती है, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर लोकतंत्र और समाज के हाशिए पर खड़े वर्गों की आवाज बुलंद करेगी।

### कार्यक्रम में जुटे कांग्रेस के दिग्गज नेता और कार्यकर्ता

कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, रवि निषाद अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण कांग्रेस कमेटी, करण सिंह दीवान अध्यक्ष पिथौरा कांग्रेस कमेटी, संतोष पटेल अध्यक्ष कोमाखान कांग्रेस कमेटी, ताम्रध्वज बघेल युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष, दुर्गा सागर अध्यक्ष महिला कांग्रेस (जिला), बागबाहरा जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, कृषक कल्याण परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर, पर्यटन मंडल के पूर्व सदस्य अंकित बागबाहरा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गणेश शर्मा, लखबीर छाबड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू के साथ-साथ कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों, मोर्चों, संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## भाजपा मंडल कोपरा की नई कार्यकारिणी घोषित



**कोपरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, संगठन महामंत्री पवन साय, स्थानीय विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और अन्य वरिष्ठ नेताओं की सहमति तथा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की अनुमति से भाजपा मंडल कोपरा की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है।

घोषित पदाधिकारियों में अध्यक्ष गोपी ध्रुव, उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप साहू, बसंत पटेल, खोवा राम साहू, विद्या सिन्हा, महामंत्रीः हेमंत वर्मा, धन बाई साहू, मंत्रीः ग्वाल तारक, लोकेश्वर तारक, रामेश्वरी कुर्रे, लता ध्रुव, कोषाध्यक्षः मनोज विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारीः जमन साहू शामिल हैं। इस गठन से मंडल संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलने की आशा है।

**कार्यकारिणी में ये रहे शामिल :** चंदन साहू, खिलेश्वरी, चंद्रशेखर साहू, मुकेश ध्रुव, देवेश साहू, विद्या साहू, दीपक साहू, राजेश साहू, होरीलाल साहू, भूषण साहू, गोवर्धन साहू, कोमल साहू, जेठाराम ध्रुव, दुर्गा यादव, गोवर्धन वनसे, नीरा तारक, अनिल मंडल, लोमस यादव, दिनेश साहू, मदन, हीरामणि साहू, उमेश्वरी, रेखा कोरे, दीपिका देवदास, ममता साहू, निर्मला ध्रुव, इंदिरा यादव, तारिणी वर्मा, जानकी ध्रुव, रूप तारक, बंशीलाल साहू शामिल रहे।

## बीएड सहायक शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र की जाए: रामनारायण



**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने राज्य शासन से मांग की है कि प्रदेश में पूर्व में बर्खास्त किए गए बीएड सहायक शिक्षकों को विज्ञान विषय के सहायक शिक्षक पद पर समायोजित करने का जो निर्णय लिया गया है, उस पर शीघ्र अमल किया जाए। श्री मिश्रा ने कहा कि सरकार का यह निर्णय स्वागतयोग्य है, किंतु इसके क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब शिक्षकों के हित में नहीं है। उन्होंने राज्य शासन से आग्रह किया कि पात्र शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए तथा काउंसलिंग के माध्यम से उनकी नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। इससे न केवल शिक्षकों को न्याय मिलेगा, बल्कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने इस मांग को गंभीरता से उठाते हुए राज्य शासन से अपेक्षा की है कि वह शिक्षकों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करेगी।

## शहीद फणेश्वर को याद कर दी श्रद्धांजलि




**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम सोरिद खुर्द के शहीद फणेश्वर सिन्हा के 14 वें शहादत दिवस 23 मई को संध्या बेला में याद करते हुए दीप प्रचलित कर श्रद्धांजलि समर्पित किया गया। वहीं शहीद परिवार सहित समस्त ग्रामवासी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य के उपस्थिति होकर श्रद्धांजलि समर्पित किया गया। 24 मई शहीद फणेश्वर सिन्हा के पुण्यतिथि पर सुबह सत्यनारायण कथा, पूजा एवं संध्या बेला में निवास स्थान में रामायण पाठ व भजन कीर्तनकार किया गया। कार्यक्रमों शहीद के माता-पिता निर्मला देवी सिन्हा जगन्नाथ सिन्हा, भैय्या भाभी जयप्रकाश सिन्हा दुर्गा सिन्हा, भतीजी डिम्पी, भतीजा चिरंजीव, दीदी जीजा द्रौपती सिन्हा संतोष सिन्हा सहित परिवार ने उपस्थित रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**पर्व :** वृट वृक्ष पर पंडित के द्वारा पूजा अर्चना कराया गया और वट सावित्री पूजा अर्चना कराया

# वट सावित्री व्रत, सुहागिनों ने मांगा अखंड सौभाग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



ग्रामीण अंचल में 26 मई को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति एवं संतान सहित परिवार के सुख समृद्धि के लिए व्रत रखा। वट सावित्री व्रत में पुजा समाग्री कुंवारी सूत या लाल कलाव धागा,बड़ वृक्ष की शाखा या नीचे पूचा के लिए स्थानफल, फूल, पांच प्रकार के फल, पंखा, कच्चा दूध, भीगे चने, प्रसाद, जल, पात्र, अगरबत्ती, दीपक आदि अर्पित कर पूजा अर्चना की गई।

इस अवसर पर ग्राम कोरासी के महिला गायत्री ठाकुर, रोमा निषाद, पुजा ध्रुव, योगेश्वरी ठाकुर, टिकेश्वरी दीवान, राही निषाद, कविता दीवान,खामेश्वरी दीवान,लिना दीवान,संगीता ध्रुव आदि सुहागन महिलाओं ने शीतला माता मंदिर के सामने वृट वृक्ष पर पंडित के द्वारा पूजा अर्चना कराया गया और वट सावित्री पूजा अर्चना कराया और वट सावित्री कथा सुनाई गई।

**वट सावित्री पूजा का फलः** वट सावित्री व्रत में महिलाएं वट वृक्ष (बरगद का पेड़) की पूजा अर्चना करती हैं. धार्मिक मान्यता के अनुसार, वट वृक्ष को त्रिमूर्ति यानी ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक माना जाता है. इस वृक्ष की पूजा करने से सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है और हर वर्ष ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि अखंड सौभाग्य के लिए सुहागन महिलाएं व्रत करती हैं. यह व्रत सावित्री-सत्यवान की कथा पर आधारित है, जिसमें देवी सावित्री ने अपने तप, बुद्धि और संकल्प से यमराज से अपने पति को पुनः जीवन दिलवाया था. वट सावित्री व्रत में महिलाएं वट वृक्ष (बरगद का पेड़) की पूजा अर्चना करती हैं. धार्मिक मान्यता के अनुसार, वट वृक्ष को त्रिमूर्ति यानी ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक माना जाता है. इस वृक्ष की पूजा करने से सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।


**वट सावित्री व्रत का महत्व :** वट सावित्री व्रत नारी की आस्था, शक्ति और सतीत्व का प्रतीक है. यह व्रत केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि नारी-शक्ति और प्रेम की अमर गाथा है. वट सावित्री व्रत पति की लंबी उम्र और पारिवारिक सुख-शांति के लिए सुहागन महिलाओं द्वारा किया जाता है. जो लोग करवा चौथ का व्रत नहीं करते हैं, वे वट सावित्री का व्रत अवश्य करते हैं. वट वृक्ष (बड़ का पेड़) को त्रिमूर्ति ब्रह्मा, विष्णु, महेश का संयुक्त रूप माना गया है. इस वृक्ष की पूजा अर्चना करने से सभी कष्ट व परेशानियों से मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है. यह व्रत सुहागिन महिलाओं के तप, श्रद्धा और सतीत्व की विजय का प्रतीक है. व्रत करने से जीवन में चल रहे सभी कष्ट मिटते हैं और सौभाग्य अखंड बना रहता है. साथ ही वैवाहिक जीवन में अगर कोई परेशानी चल रही है तो वह भी दूर हो जाती है।

## सुहागिनों ने वट वृक्ष के नीचे वट सावित्री पूजा कर मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान

**रसेला।** सोमवार को ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत था। यह व्रत सुहागिन स्त्रियां पति की लंबी आयु के लिए करतीं हैं। क्षेत्र में सुहागिन स्त्रियों ने सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी आयु की कामना के साथ वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। मान्यता है कि इस व्रत को करने से अखंड सौभाग्य के साथ सुख शांति समृद्धि की प्राप्ति होगी है।

सनातन धर्म में प्रेम, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक वट सावित्री व्रत का पर्व बहुत पवित्र माना गया है।जो पति पत्नी के प्रेम और समर्पण का प्रतीक है, पुराणों के अनुसार वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का निवास होता है। व्रत रखने वाली महिलाएं सोलह श्रृंगार से दुल्हन की तरह सजी संवरी होकर बरगद के पेड़ के नीचे पहुंची। महिलाओं ने अपने पति के दीर्घायु के लिए विधिः विधान से वट वृक्ष को अक्षत, पुष्प, चंदन, ऋतुफल,पान, सुपारी, वस्त्र, धूप दीप आदि से पूजा कर पंखा भी झला। साथ ही रक्षा सूत्र को पेड़ में बांध परिक्रमा की। क्षेत्र के हर गांवों में सुबह से ही वट वृक्ष के पास महिलाओं की भीड़ जुटी रही। महिलाएं पूजा के लिए सिंदूर, दर्पण,मौली, काजल, महेदी, चूड़ी, माथे की बिंदी, नई साड़ी, सात तरह के अनाज और सत्यवान सावित्री की मूर्ति लेकर आई थी।

**सोलह श्रृंगार में सजकर महिलाओं ने विधिपूर्वक किया वट सावित्री व्रत**



**ये रहीं उपस्थित :** इस मौके पर लता यादव, रेणुका, चन्द्रकला, सरस्वती, कुमारी पटेल, राधा यादव, फुलेश्वरी, पुजा निषाद, बिंदेश्वरी, रेणुका, चपेश्वरी देवांगन, रूपा सिन्हा, लक्ष्मी यादव, रूपा यादव सहित बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं मौजूद रहीं।

## महिलाओं ने रखा वट सावित्री का व्रत



**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** मुड़ागांव में वट सावित्री व्रत के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए श्रद्धा एवं भक्ति के साथ वट वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की। इस पावन अवसर पर महिलाओं ने निर्जला उपवास रखते हुए पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा संपन्न की। ऐसी मान्यता है कि वट पेड़ के नीचे सावित्री, सत्यवान और यमराज की पूजा करने से पति की आयु लंबी होती है और संतान सुख प्राप्त होता है। मान्यता यह भी है कि इसी दिन सावित्री ने यमराज के चंगुल से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। महिलाओं ने विधि विधान से वट वृक्ष की परिक्रमा की, रक्षासूत्र बांधा और अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। पूजा के उपरांत सुहागिनों ने घर जाकर अपने पतियों से आशीर्वाद प्राप्त किया।इस दौरान वट सावित्री की पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं की भीड़ जुटी थी।

## पति की दीघायु की कामना से रखा निर्जला व्रत



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम सोरिद खुर्द में 26 मई सोमवार को सुहागन महिलाओं ने पति की दीर्घायु, स्वस्थ और उन्नति प्रगति के लिए निर्जला व्रत कर वटवृक्ष की पूजा-अर्चना की। देवता से कामना मनोकामना कर व्रत पूजा सम्पन्न हुआ। जिसमें जनपद सदस्य पुष्पलता सिन्हा, रेणु साहू, दुर्गा सिन्हा, कविता सिन्हा,हिना सिन्हा, रेखा साहू, अंशु सिन्हा, बृंदा सिन्हा, लिलेन्द्री सिन्हा,नितू सिन्हा, सपना सिन्हा, धनेश्वरी चक्रधारी, लेखनी साहू सहित गांव के महिलाओं ने व्रत रख कर पूजा अर्चना की। बृंदा सिन्हा और रेणु साहू द्वारा वट सावित्री के महिमा बताते हुए भजन कीर्तन किया गया।

# महिलाओं ने श्रद्धाभाव से रखा वट सावित्री व्रत, सुनी कथा



**मैनपुर।** ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर सोमवार को नगर की महिलाओं ने पारंपरिक आस्था के साथ वट सावित्री व्रत मनाया। सुहागन महिलाओं ने निर्जल उपवास रखकर बरगद वट वृक) की पूजा की और पति की दीर्घायु के लिए कामना की। सुबह से ही महिलाएं सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष के समीप एकत्रित हुईं। उन्होंने वट वृक्ष की जड़ में जल अर्पित किया, कच्चे सूत से वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधा तथा फल, मिठाई और पूड़ी सहित अन्य भोग अर्पित किया। सावित्री–सत्यवान की कथा का श्रवण कर उन्होंने व्रत की पूर्णता की स्थानीय महिलाओं ने बताया कि यह व्रत पतिव्रता धर्म और अखंड सौभाग्य का प्रतीक है। दिनभर महिलाओं में व्रत को लेकर उत्साह और श्रद्धा का वातावरण रहा।



## वट सावित्री व्रत कर सुहागिनों ने पूजा, मांगी सुहाग की लंबी आयु

**फिंगेश्वर।** नगर सहित अंचल में सोमवार सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर अपने सुहाग की लंबी आयु की कामना की। इसी क्रम मे नगर वार्डों में जहां जहां वट वृक्ष है वहां सुहागिन महिलाओं ने पूजा कर पेड़ में धागा लपेटा, श्रीफल फोड़ा एवं धूप दीप जलाकर परिक्रमा की। कुछ स्थानों पर पंडितों द्वारा वट सावित्री व्रत की कथा बताकर पूजा अर्चना कराई गई।

## वट सावित्री व्रत रखकर सुहागिनों ने की पति की लंबी उम्र की कामना

**पाटसिवनी।** अंचल के परसदाखुर्द, पिपरहट्टा, पाटसिवनी, देवगांव, जामली के सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए सोमवार को वट सावित्री की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रख वट (बरगद) पेड़ के नीचे पूजा अर्चना के लिए इकट्ठा हुईं। सुहागिन महिलाओं ने अपने-अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। वट वृक्ष के नीचे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। महिलाएं नए परिधान में सज-धजकर थाली में प्रसाद एवं अन्य पूजन सामग्री के साथ अपने घरों के निकटतम वट वृक्ष में सूत बांधकर तथा सात फेरे लिए और घर पहुंचकर पति का आशीर्वाद लिया। इस व्रत को लेकर महिलाओं ने एक दिन पूर्व ही उपवास रखा तथा पूजा की सामग्री के लिए फल व मिठाइयां खरीदी। बाद में प्रसाद वितरण करने के बाद महिलाओं ने उपवास तोड़ा।

## सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री का व्रत रखकर पूजा-अर्चना की





**नवापारा-राजिम।** सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री का व्रत रखकर पूजा-अर्चना की तथा कथा श्रवण किया। नवापारा और राजिम शहर सहित आसपास के गांवो में मातृशक्तियों ने इस व्रत को रखा और दोपहर को पूजा करने वटवृक्ष के नीचे पहुंचे।

# नपं अध्यक्ष एसपी से मिले, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समीपस्थ नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष बलराम कांत साहू ने उपाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पति द्वारा गाली-गलौज करने तथा आफिस में घुसकर जान से मारने की धमकी देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग एसपी से की है। बता दें कि मामले में 17 मई को सूचना देने के बाद भी स्थानीय आरक्षी केंद्र में रिपोर्ट दर्ज नही की गई वहीं नपं अध्यक्ष का आरोप है कि सत्ता पक्ष के होने के कारण दूसरे पक्ष की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वहीं 10 दिन बाद भी निर्दलीय अध्यक्ष की रिपोर्ट दर्ज नही की जा रही। साहू ने 3 दिन के भीतर कार्रवाई की मांग की है अन्यथा की स्थिति में उन्होनें आंदोलन की चेतावनी दी है।

एसपी को सौंपे गए पत्र में कहा है कि 17 मई को अपने साथियों के साथ नगर पंचायत तुमगाव में उपस्थित होकर भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों के विरूद्ध की गई कार्रवाई के सफलता के जश्न में सभी आयोजन की तैयारी में लगे थे तथा उक्त रैली के लिये जब बलरामकांत नगर पंचायत कार्यालय के प्रांगण में पहुंचा तो उसी समय नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सावित्री निर्मलकर के पति उत्तम निर्मलकर भी वहां पर पहुंचे। साहू ने कहा कि आप लोग मेरे ओवरब्रिज पास स्थित कार्यालय गए थे उसके बाद से मेरे ट्रक के दो नग टायर वहां से गायब हैं। जिसकी खोजबीन मेरे द्वारा किया जा रही है।

## परसदा जोशी मिडिल स्कूल के 10 छात्रों का राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ चयन




**राजिम।** छ.ग. शिक्षा मंडल द्वारा जारी राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा सत्र 2024 - 25 में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसदा जोशी से 10 बच्चों का चयन हुआ है । इन बच्चों को केन्द्र सरकार द्वारा कक्षा 9वी से 12वी तक 12,000/- प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति मिलेगी।

- इन्हें कक्षा 9 से 12 तक 12,000 रु प्रतिवर्ष मिलेगी छात्रवृत्ति

चयनित बच्चों में मानसी साहू , तेजस्विता साहू, हेमलता ध्रुव, दुर्गा यादव, धनेश्वरी मल्होत्रा, पेखन साहू, पार्वती साहू, एकता साहू, अनिका बांधे, खेमलता ध्रुव शामिल है। इन बच्चों की सफलता में प्रधान पाठक सालिक राम तारक शिक्षक डेलेन्द्र कुमार साहू चंदन लाल सोनी ज्योति गुप्ता की बड़ी भूमिका रही। इसके पहले भी 2021-22 में 4 बच्चों का 2022- 23 में 6 बच्चों का 2023 -24 में 7 बच्चों का चयन हो चुका हैं।

### इन्होंने चयनित बच्चों को दी बधाई

बच्चों की इस उपलब्धि पर जिला नोडल मनोज केला बीईओ फिंगेश्वर रमेंद्र जोशी एबीईओ हेमंत कुमार साहू ग्राम सरपंच गिन्नी सोनी, उपसरपंच ज्ञानेश शर्मा, बेनराज सोनी, अध्यक्ष योगेंद्र साहू, नारायण प्रसाद साहू, जीवन साहू, भारत यादव, ताराचंद दिवाकर, गैन्दू राम निषाद, बरातु भारती, दौलत साहू, ललित साहू, धनेश साहू, तारा साहू, शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक विकास झा , संकुल समन्वयक रामायण साहू के द्वारा बच्चों की इस सफलता पर बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

**समर कैंप में बच्चों को कला निखारने का मिलता है अवसर - ओंकार साहू**

# कौन्दकेरा स्कूल में लगा समर कैंप, 80 विद्यार्थियों ने लिया भाग





**राजिम।** ग्रीष्मकालीन अवकाश में स्वतंत्रा संग्राम सेनानी स्व. मिलाऊदास कोसरिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा में समर कैंप का भव्य आयोजन 19 से 24 मई तक हुआ जिसमें 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस समर कैंप में बच्चों के बौद्धिक मानसिक एवं रचनात्मक विकास हेतु विभिन्न विद्या जैसे चित्रकला, तिरंगा, आर्ट ,क्राफ्ट ,तबला ,हारमोनियम ,संगीत ,योग प्राणायाम ,नशा मुक्ति एवं प्राथमिक उपचार जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अलग-अलग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं गरियाबंद जिला पंचायत सभापति के प्रतिनिधि ओंकार साहू ने बताया कि विद्यालय में विगत वर्षों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 300 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं जिससे चित्रकला आर्ट क्राफ्ट एवं राइटिंग स्किल का प्रशिक्षण देते हैं दर्जनों बच्ची स्कूलों में इतने पारंगत हो गए हैं। बहुत आसानी के साथ चित्र बना लेते हैं। इस साप्ताहिक समर कैंप में प्रशिक्षण योग परिणाम और स्वस्थ जीवन के सिद्धांत पर प्रदर्शन दिए इसी प्रकार हारमोनियम सरगम करियर गाइडेंस तो वही विज्ञान और भौतिकी के जादू दिखाएं प्रशिक्षक ने सर्वप्रथम लू से बचाव एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी दी जीवन विद्या का प्रशिक्षण दिए समर कैंप के समापन अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओंकार साहू ने बच्चों को आशीर्वाद एवं सर्वांगीण विकास हेतु समर्थन को आवश्यक बताया और कहा कि कल को जीवित रखने से ही संस्कृति जीवित रहेगी समर कैंप में प्रत्येक बच्चों को अपनी कला को निखारने का अवसर मिलता है। कहा कि जीवन का हर क्षण उपयोगी होता है हमें सत्य पे रहना चाहिए। समर कैंप की सराहना करते हुए कबीर दास के दोहे के माध्यम से कहा कि करत-करत अभ्यास के जड़मति हो सुजान लगातार अभ्यास से कमजोर भी ज्ञानवान बन जाते हैं।

### ये रहे शामिल

कार्यक्रम में जनपद सदस्य रामेश्वरी चंद्रिका कुर्रे , सरपंच राधिका-मनोज यादव, उपसरपंच चांदनी-भूषण साहू, प्राचार्य रात्रे सर, शाला विकास समिति के सदस्य सोमप्रकाश साहू ,दूजराम साहू , मकसूदन साहू, समरकैंप के संचालक व्याख्या दुष्यंत वर्मा ,प्रशिक्षक हरिश्चंद्र निषाद ,उमेश साहू , पूरन साहू ,मालिकराम पटेल ,एस कुमार निषाद शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### 35 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने ग्राम हरिबनपुर के आगे तालाब के पास रोड किनारे एक व्यक्ति के कब्जे से 35 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी लखपति बरिहा पिता सत्यानंद बरिहा (30 साल) सुकडा थाना बलौदा के कब्जे कुल 35 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 7000 रु को जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सच्चा मित्र वही, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और मदद करें: विकास



**महासमुंद।** राम मंदिर के पास निर्मलकर परिवार के संयोजन में चल रही भागवत कथा का प्रसंग सुदामा चरित्र के वर्णन के साथ हुआ। कथाव्यास पंडित विकास मिश्रा जगन्नाथ मंदिर द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए। पंडित शरद मिश्रा महाराज ने भजन सुनाए। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान कृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु, आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान कृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं।

# पानी के लिए फिर एकजुट हुए किसान, कहा – अब नहीं बर्दाश्त होगा छल

**रसेला।** मलेवांचल क्षेत्र में स्थित सिकासार जलाशय से क्षेत्र में सिंचाई को लेकर क्षेत्रीय किसान संगठन ब्लाक एवं जिला स्तर व क्षेत्र के विधायक तक इस बैठक में शामिल हुए। बता दें तो कि सिकासार जलाशय से इस क्षेत्र में सिंचाई को लेकर किसानों की बहुत पुरानी मांग है लेकिन अभी तक उनकी यह मांग पुरी नहीं हो पाई है। वहीं फिर एक बार सिकासार जलाशय से कोड़ार जलाशय में पानी ले जाने हेतु सर्वे हो चुका है वहीं छब्बीस सौ करोड़ डीपीआर भी प्रशासनिक स्तर पर मंजूर भी हो गया है। वहीं क्षेत्र के स्थानीय किसानों एवं जनप्रतिनिधियों का मांग है कि इस क्षेत्र से कोड़ार जलाशय पानी ले जाने की योजना में उन्हें भी सिंचाई की सुविधा मिले।

इसी परिप्रेक्ष्य में रविवार 25 मई को सुबह 11 बजे पीपरछेड़ी में विश्राम गृह भवन में क्षेत्र के किसान एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुआ। जिसमें क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव एवं जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम सहित क्षेत्र के जनपद सदस्य व सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता एवं किसान भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। अवगत हो कि पिछले बैठक के में पिपरछेड़ी में जो निर्णय लिया गया था संबंधित अधिकारी से जो डेलिगेशन की टीम मिली थे उसमें जो जानकारी अधिकारी बताये उसके अनुरूप काम नहीं हुआ। साथ ही किसानों का कहना है कि हमारे साथ धोखा किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर पिपरछेड़ी में मलेवा अंचल किसान संघ के नेतृत्व मे मीटिंग आहूत किया गया है। जिसमें सभी के मार्गदर्शन और सुझाव लिया गया और किसान संगठन एवं जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में पहले राजधानी रायपुर पहुंच संबंधित मंत्री से मुलाकात करेंगे कर मुद्दे से रूबरू कराया जाएगा और मांग पुरी नहीं होती है तो किसानों का धरना-प्रदर्शन और आंदोलन शुरू होगी।

**पीपरछेड़ी विश्राम गृह में क्षेत्रीय किसान संगठन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की हुई बैठक**



### पहले हमारा हक़ – फिर कोड़ार को पानी

वहीं किसानों और जनप्रतिनिधियों का साफ तौर पर कहना है कि जब तक क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की सुविधा नहीं मिलेगी बाहर सिकासार जलाशय का पानी नहीं ले जाने देंगे। शुरू में जब बांध का निर्माण हुआ तब भी उन्हें पानी नहीं मिल पाया राजिम क्षेत्र सिंचाई के लिए ले जाया गया और फिर एक बार बाहर क्षेत्र पानी ले जाने की तैयारी है इस प्रकार का छल बार बार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं क्षेत्रीय विधायक द्वारा कहा गया कि इस मामले को सदन में मानसून सत्र में एक बार फिर से उठाया जाएगा और सभी जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इस मुद्दे पर हम हर परिस्थिति में किसान के साथ हैं।

## दो भवन का किया लोकार्पण, समाधान शिविर में हितग्राही योजनाओं से हुए लाभान्वित

# लोगों की समस्या सुनने व निराकरण करने का माध्यम है समाधान शिविर - राजस्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गांव एवं शहरी क्षेत्रों में सुशासन तिहार का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में आज फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बिजली में आयोजित समाधान शिविर में प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए।

- बाबा कुटी धाम और मुक्तिधाम मार्ग सहित कई विकास कार्यों की घोषणा

राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने स्थानीय विधायक रोहित साहू के अनुरोध पर बाबा कुटी धाम के लिए 30 लाख रूपये, मुक्तिधाम मार्ग के लिए 10 लाख रूपये, जिम निर्माण के लिए 5 लाख रूपये एवं तीन ब्लॉक में कबड्डी खिलाड़ियों के लिए मेट देने की घोषणा की। समाधान शिविर में मंत्री श्री वर्मा ने ग्रामीण सेवा सहकारी समिति बोरसी बिजली एवं महिला स्व सहायता समूह भवन ग्राम पंचायत बिजली का लोकार्पण किया।

### आपके गांव पहूंचकर समस्या सुन रही सरकार: राजस्व मंत्री

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार में आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री सहित मंत्री, अधिकारी गांव में पहुंचकर लोगों की समस्या सुन रहे है और समाधान भी कर रहे हैं। इनके लिए तीन चरण तय किये गए थे,





सरकार आपके गांव पहूंचकर समस्या सुनी, फिर समीक्षा की,अब आज निराकरण का समय आया है और समाधान किया जा रहा है।

### मोदी की गारंटी की गारंटी कर रहे पूरी: विधायक रोहित साहू

इस अवसर पर राजिम विधायक श्री रोहित साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के सुशासन के डेढ़ साल पूरे हो रहे हैं।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की की पहल पर प्रदेश की भाजपा सरकार में सुशासन तिहार चल रहा। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी की गारंटी शत प्रतिशत पुरा किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तहत गांव गांव में ग्रामीणों की समस्याओं के निदान के लिए शिविर का आयोजन कर किया गया ।इस पहल से शासन गांव-गांव में पहुंच रही है और ग्रामीणों की समस्याओं से सीधे संवाद किया जा रहा हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत गौरीशंकर कश्यप, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, नंदनी कोमल ढीढी, जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजीत महाडिक, पुर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, पुर्व सरपंच टिकेश साहू सिर्रीखुर्द, टिकेश्वर साहू परसट्ठी ग्राम पंचायत के सरपंच पदमा मोती निषाद, रेखराम साहू मूरमरा, कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, सिंह उकेर, गौरीशंकर कश्यप, राजेश साहू, नंदनी ओमकार साहू, नंदनी ढीढी, चन्द्रशेखर साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरिश साहू, सरपंच सेंगर गामिनी राकेश धितलहरे जनपद सभापति नंदू यादव, सकुन साहू, ओमकार साहू, दूजराम साहू, महेश साहू, प्रमोद साहू संगीता, नेमिन साहू, लता साहू, रेखा साहू, प्रेम टोडर, परदेशी सिन्हा, बिनौरी सरपंच छबी लाल ध्रुव, बिजली सरपंच पदमा मोती निषाद, खुटेरी सरपंच बेनी शंकर साहू, सिर्रीखुर्द सरपंच देवेन्द वर्मा, कुण्डेल सरपंच गज्जू सिन्हा, छुईहा सरपंच विद्या देवी गजेश्वर सिन्हा, चरौदा सरपंच गजानंद साहू, बोड़की सरपंच नेतराम सिन्हा, चरभट्ठी सरपंच राजेन्द्र साहू, बेलर सरपंच सुमन लेखराम रात्रे, बारूला सुकदेव साहु, पतोरा सुरज भारतीय, गनियारी सरोज भीखम लोहिले, चैतरा गणेनिया रवि साहू, पुर्व सभापति किर्ति निषाद, पुर्व सरपंच संगीता साहू, पुर्व सरपंच रेणुका साहू, मदन साहू, ओमप्रकाश साहू, पुर्व सरपंच रामजी साहू, अजय साहू कोपरा, नगर पंचायत कोपरा अध्यक्ष रूपनारायण साहू, सीईओ फिंगेश्वर स्वप्निल ध्रुव, अतिरिक्त सीईओ ज्योति ढालेन्द्र, राजू सिन्हा, दयाराम साहू, लिखन निषाद, डोमन साहू एवं इनके साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, मीडियाकर्मी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में दिखा नीलगाय और गौर का झुंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ के उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व से वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। यहां जंगल में लगे ट्रैप कैमरे में नीलगाय और गौर (भारतीय बाइसन) का झुंड पहली बार एक साथ दिखाई दिया है। यह दुर्लभ दृश्य आज उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने सोशल मीडिया पर साझा किया।

- गर्मी में जल प्रबंधन ने निभाई अहम भूमिका, वन्यजीवों की गतिविधियां जंगल तक सीमित

डीएफओ वरुण जैन ने बताया कि यह नज़ारा अभयारण्य में वन्य प्राणियों के लिए किए गए समर्पित प्रयासों का परिणाम है। उनकी टीम ने इस बार भीषण गमएँ और तापमान में तेज़ बढ़ोतरी के बावजूद समय रहते वन्यजीवों के लिए पानी की बेहतर व्यवस्था की है। अभयारण्य क्षेत्र के आठ बड़े तालाबों को सोलर पंप की सहायता से भरकर यह सुनिश्चित किया गया है कि जानवरों को पानी की कमी के चलते जंगल छोड़कर आबादी की ओर न भटकना पड़े। इस वजह से अब वन्यजीवों की गतिविधियाँ जंगल के भीतर ही सीमित हैं और वे प्राकृतिक वातावरण में सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।



**वन्यजीवों का संरक्षण हो रहा सुनिश्चित :** वन विभाग की इस सकारात्मक पहल से न केवल वन्यजीवों का संरक्षण सुनिश्चित हो रहा है, बल्कि मानव–वन्यजीव संघर्ष की संभावनाएं भी कम हो रही हैं। डीएफओ वरुण जैन का वन्यप्राणियों की सुरक्षा और देखभाल के प्रति समर्पण, क्षेत्र में एक मिसाल बनता जा रहा है। ज्ञात हो कि उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में अनेक दुर्लभ प्रकार के वन्यप्राणी पाए जाते है अब ट्रेक कैमरा लगाने के बाद वन्य प्राणियों की तस्वीर सामने आने लगी है।

# युवा शिविर में युवाओं को मिली जीवन जीने की कला की सीख

**मुड़ागांव(कोरासी)।** युवाओं में ऊर्जा का संचार करने,दिशा देने एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम खड़मा विकास खण्ड छुरा में चार दिवसीय युवा व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन 22 मई दिन गुरुवार को शुभारंभ किया गया जिसका समापन 25 मई को हुआ। इस शिविर में व्यक्तित्व को प्रभावी,प्रखर और गरिमामयी बनाने हेतु कार्य योजना समझायी गई। जीवन जीने की कला के सूत्र बताए गये।शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद थे।

उन्होंने गायत्री परिवार के बाल संस्कार शाला, युवा शिविर आदि कार्यों की सराहना की। अध्यक्षता, जनपद पंचायत छुरा के अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया में मानवता तेजी से खत्म हो रही है। ऐसे संकट के समय में इन शिविरों को आशा की किरण बताया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर खड़मा के वरिष्ठ नागरिक त्रिलोचन साहू ने संस्कार, आध्यात्मिकता की आवश्यकता पर जोर दिया। लक्ष्मीदास सोनवानी, सुनीता चंद्राकर,दुलम ध्रुव,वेदिका वासनिक और





संतोषी साहू ने भी मंच की गरिमा बढ़ाई।

प्रशिक्षक सुश्री रोमा साहू ने समापन संदेश दिया। तिजऊ राम साहू ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस शिविर हेतु 90 युवाओं ने पंजीयन कराया था जिसमें से 80 युवाओं की नियमित उपस्थिति रही।21 युवाओं ने पं श्री राम शर्मा आचार्य को गुरू के रूप में वरण किया तथा नियमित गायत्री साधना का संकल्प लिया।एक यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुआ।तेरह गांवों से युवकों ने भागीदारी की।इन गांवों में बाल संस्कार शाला ,वृक्षारोपण,समूह साधना के संकल्प उभरे।इस प्रकार एक सकारात्मक वातावरण में यह युवा शिविर संपन्न हुआ।

**ये रहे उपस्थित :** गायत्री परिवार के वरिष्ठ कर्मठ कार्यकर्ताओं श्री रामावतार यादव,चंदन सिंह ठाकुर,देवा साहू,नंद कुमार सिन्हा,राम लाल पटेल,मालिक साहू,तुलसी साहू,ठाकुर राम यादव,राधे पटेल, पोखन ठाकुर,नंद किशोर यादव,उमेंद दीवान, मीना यादव,घासिन साहू, निर्मला पटेल, चंद्रकला यादव,कविता ठाकुर, तनिषा ठाकुर,कामता प्रसाद साहू, भुनेश्वर पटेल, सोनकुंवर ठाकुर,रोहित सिन्हा ,कमला साहू,इशा कंवर आदि अनेकों कार्यकर्ताओं ने दिन रात एक कर आयोजन को सफल बनाया।

## मैनपुर ब्लॉक में मानसून से पहले पशुओं का व्यापक टीकाकरण

**मैनपुर।** पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पशु टीकाकरण के लिए मैनपुर ब्लॉक में तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। मैनपुर विकासखंड के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश नायक ने बताया कि पशु स्वास्थ्य व रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत एचएस एवं बीक्यू बीमारी की रोकथाम के लिए मानसून के पूर्व रोस्टर के अनुसार ब्लॉक के सभी गांवों में पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा।

ज्यादा से ज्यादा पशुओं को टीका लगवाने का निर्देश दिया गया है। इस टीकाकरण से पशुधन बीमारियों से सुरक्षित रहेंगे। सभी पशुपालक पशुओं का जरूर से जरूर टीकाकरण कराएं। दुधारू पशुओं (गोवंश एवं भैंस वंश) में होने वाले लंगड़ी बुखार व गलाघोंटू रोग से बचाव के लिए एचएस–बीक्यू (हिमेरेजिक सिप्टेसिमिया–ब्लैक क्वार्टर) का टीका लगाया जायेगा। विकासखंड में कुल 35 हजार मवेशियों को टीकाकरण अभियान चला जायेगा। डॉ. नायक ने बताया कि पूरे ब्लॉक के प्रत्येक गांव में टीकाकमएँ के माध्यम से घर घर जा कर प्रत्येक सुयोग्य पशु का टीकाकरण निरूशुल्क होगा। उन्होंने आगे कहा कि पशुपालन विभाग और शासन द्वारा मोबाइल वेटरिनरी यूनिट चलाया जा रहा है जिससे पशुपालक 1962 डायल कर घर बैठे पशु चिकित्सा का लाभ ले सकते हैं।

# छुरा में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज की प्रांतीय कार्यकारिणी की हुई बैठक

**छुरा।** प्रांतीय महासभा आदिवासी ध्रुव गोंड समाज छत्तीसगढ़ की कार्यकारिणी बैठक पारागांव आदिवासी भवन में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। प्रांताध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव ने विचार व्यक्त किए कि महासभा में हमे युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित करना चाहिए एवं बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना चाहिए जिसका सभी ने समर्थन किया। रायपुर जिला के अध्यक्ष हेमलाल ध्रुव ने प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक दो तीन महीने में होते रहना चाहिए ताकि संगठन में मजबूती रहेगा।

संचालन महासचिव बुद्धेश्वर ध्रुव ने किया।बैठक में तीन प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें 1 इस वर्ष 2025 में प्रांतीय महाअधिवेशन गरियाबंद जिला में होना है। 2 महासभा के साथ युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाना है। 3 समाजिक नेग दस्तुर को बनाये रखने हेतु विशेष चर्चा करेंगे एवं अगली प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक महासमुंद जिला में होना प्रस्तावित किया गया है जिसे प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजकुमार नेताम जिला महासमुन्द ने फोन के माध्यम से स्वीकार किया और सभी समाज बंधुओ ने स्वीकार किया।

**ये रहे उपस्थित :** जिसमें सभापति मोहन छेदी प्रदेश संरक्षक, अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव,



विशिष्ट अतिथि गोपेश ध्रुव जी प्रांतीय उपाध्यक्ष, बुद्धेश्वर ध्रुव प्रांतीय महासचिव, प्रांतीय कार्यकारिणी हेमलाल ध्रुव जिला अध्यक्ष रायपुर ,पुरण सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष गरियाबंद, घनश्याम ध्रुव जिला प्रतिनिधि धमतरी, अशोक ध्रुव जिला महासचिव गरियाबंद, गंगा राम नेताम जिला सलाहकार गरियाबंद,परश ध्रुव रायपुर जिला,पंचू ध्रुव रायपुर जिला,मया राम ध्रुव रायपुर जिला, मोती लाल ध्रुव अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ रायपुर जिला, योगेन्द्र ध्रुव प्रांतीय मिडिया प्रभारी,डागेश्वर ध्रुव जिला उपाध्यक्ष गरियाबंद,मलेशु ध्रुव महासचिव फिंगेश्वर राज,हेमलाल ध्रुव कर्मचारी प्रकोष्ठ गरियाबंद जिला कोमन ध्रुव अध्यक्ष जामगांव सर्कल, अरूण ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत लचकेरा , नर्सिंग ध्रुव महासचिव बिन्द्रानवागढ़, कल्याण सिंह ध्रुव राजिम राज एवं समस्त पदाधिकारी व समाज बंधु उपस्थित थे।

## विधायक ने सप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित बनाने कार्य योजना तैयार करने का दिया निर्देश

# सब्जी थैले के साथ बाजार पहुंचे विधायक ध्रुव, जनसंपर्क का दिखा अनोखा अंदाज़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव अपने अलग अंदाज के नाम से जाने और पहचाने जाते है, कभी खेतों हल चलाते नजर आते है, तो कभी सायकल के माध्यम से नदी नालो को पार कर दुरस्त वनांचलो के ग्रामो में पहुंच जाते हैं। आज सोमवार को नगर में सप्ताहिक बाजार लगा हुआ था विधायक जनक ध्रुव की गाड़ी सड़क किनारे रूकी और विधायक हाथो में थैला लेकर सीधा सब्जी भाजी खरीदारी करने बाजार के भीतर पहुंच गए।

- सप्ताहिक बाजार में विधायक ने की सब्जी भाजी की खरीददारी

विधायक को सब्जी भाजी खरीदते देख अचानक लोग चौक गए और देखते ही देखते भीड़ लग गई सब्जी भााजी खरीदी करने के दौरान कई विक्रेता उनसे रूपये नही ले रहे थे लेकिन विधायक जनक ध्रुव ने उन्हे सब्जी का दाम देते हुए कहा आप अन्नदाता है आपके कारण ही देश का पहचान है



भारत कृशी प्रधान देश है किसानो के यहां सम्मान होता है।

इस दौरान विधायक पुरे सप्ताहिक बाजार का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा दुकानदारो से चर्चा किया ज्ञात हो कि पिछले दिनो सप्ताहिक बाजार के अंदर संचालित करने वाले दुकानदारो ने विधायक जनक ध्रुव को समस्या से अवगत कराते हुए सप्ताहिक बाजार में सुविधा उपलब्ध कराने की मांग किया था जिसके कारण आज विधायक ध्रुव सप्ताहिक बाजार का निरीक्षण करने पहुंचे थे और सब्जी भाजी ,खरदीदारी किया इस दौरान दुकानदारो ने व्यवस्थित दुकान लगाने के लिए चबुतरा निर्माण के साथ ही बारिश के दिनो में पानी भर जाने की शिकायत किया था जिस पर विधायक धुव ने संबंधित विभाग के अफसरो को निर्देशित किया कि मैनपुर सप्ताहिक बाजार जिले के सबसे बड़ा सप्ताहिक बाजार है और इसे व्यवस्थित बनाने के लिए कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया है। इस दौरान लोगो ने जनक भैया जिन्दाबाद के जमकर नारे लगाए और उनका साल श्रीफल से स्वागत किया।

### ग्रामीणों साथ विधायक ने बाजार में लिया आनंद

विधायक जनक ध्रुव जब सप्ताहिक बाजार का निरीक्षण कर रहे थे इस दौरान सप्ताहिक बाजार के भीतर होटल संचालित करने वाले दुकानदारो के आमंत्रण पर विधायक ने ग्रामीणों के साथ बैठकर भजिया गुलगुला का आनंद लिया और उनके साथ बडी संख्या ने ग्रामीणों ने भजिया गुलगुला खाए। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदुयादव,सुकचंद ध्रुव,रामे"वर एवं बड़ी संख्या में काग्रेस कार्यकर्ता व क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

